# कर दे तू बेड़ा पार मैया ताप्ती रानी भजन

दर्शन को तेरे हूँ बेकरार,
दर्शन दे मैया तू एक बार,
आया हूँ मैं तेरे द्वार,
मैया ताप्ती रानी,
कर दे तू बेड़ा पार,
मैया ताप्ती रानी।bd।

तर्ज – आने से उसके।

---

तू ही दुर्गा मैया,
तू ही चामुंडा देवास वाली,
तू ही है भवानी,
तू जगदंबा तू महाकाली,
कहते है मुलताई वाली,
सर्पो पर तू है सवार,
मैया ताप्ती रानी,
कर दे तू बेडा पार,
मैया ताप्ती रानी।bd।

---

मांगने मुरादे,
सभी आते हैं बनकर सवाली,
भरती है तू झोली,
नहीं जाता है कोई भी खाली,
तू है बड़ी दया वाली,
करती है सबसे प्यार,
मैया ताप्ती रानी,
कर दे तू बेडा पार,
मैया ताप्ती रानी।bd।

---

सुन के नाम तेरा,
मैं भी आया हूं द्वारे पे मैया,
भर दे झोली मेरी,
मां पढ़ता हूं मैं तेरे पईया,
कहता है 'पवन कुमार',
करती है सबसे प्यार,
मैया ताप्ती रानी,
कर दे तू बेडा पार,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैया ताप्ती रानी।bd।

दर्शन को तेरे हूँ बेकरार,
दर्शन दे मैया तू एक बार,
आया हूँ मैं तेरे द्वार,
मैया ताप्ती रानी,
कर दे तू बेड़ा पार,
मैया ताप्ती रानी।bd।

गायक / प्रेषक – पवन कुमार साहू।
**9617171315**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com